सांसत लखनऊ की व्यावसायिक इमारत में सोमवार को आग लगने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने जान जोखिम में डालकर कई लोगों की जिंदगियां बचाईं। ● हिन्दुस्तान

सदमा लखनऊ के अलीगंज में सोमवार को लगी आग से अपनों को खोने के बाद परिजन बेसुध हो गए। इस दौरान जिसने भी नजारा देखा वह अपने आंसू नहीं रोक सका। ● हिन्दुस्तान

संघर्ष घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। परिसर के अंदर जाने के रास्ते में आग और धुआं होने के कारण बचाव टीम को पीछे की ओर से दीवार तोड़नी पड़ी। ● हिन्दुस्तान

केजीएमयू में छात्रों के शव पहुंचते ही गमगीन हुआ माहौल, डॉक्टरों की भी छलकी आंखें

एनिमेशन सीखने गए थे बच्चे, लाशें देखकर चीख पड़े अपने

हृदय विदारक

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। साढ़े तीन बजे के बाद ट्रॉमा सेंटर की ओर दौड़ती एम्बुलेंस... किसी को इलाज की उम्मीद थी तो किसी के हाथों में अपनों की आखिरी पहचान। अलीगंज स्थित एनीमेशन सेंटर में आग की घटना के बाद केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में छात्रों और घायलों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ। पहले से मरीजों के दबाव के बीच अचानक बड़ी संख्या में घायलों और शवों के पहुंचने से ट्रॉमा सेंटर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

हालात की गंभीरता देखते हुए ट्रॉमा सेंटर के सीएमएस डॉ. प्रेमराज सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश कुमार, डीन डॉ. केके सिंह समेत वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम तुरंत राहत और इलाज के काम में जुट गई। इमरजेंसी व्यवस्था को संभालने के लिए दूसरे विभागों के डॉक्टर, कर्मचारी और रेजिडेंट डॉक्टर भी मोर्चे पर आ गए।

कोई घायलों को इलाज तक पहुंचा रहा था तो कोई जरूरी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने में जुटा था। लेकिन जब कुछ छात्र मृत अवस्था में ट्रॉमा सेंटर पहुंचे तो माहौल अचानक बदल गया। इलाज की भागदौड़ के बीच मातम छा गया। एनीमेशन की दुनिया में कुछ नया करने का सपना लेकर निकले युवाओं की दर्दनाक मौत ने डॉक्टरों और कर्मचारियों को भी झकझोर दिया। वो भी भावुक हो उठे।

कई छात्रों के परिवारीजन भी सूचना मिलते ही ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए। किसी की आंखें अपनों को तलाश रही थीं तो किसी की चीख पूरे परिसर को दहला रही थी। जिगर के टुकड़ों को खोने का दर्द चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था। रोते-बिलखते परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे।

भविष्य की तलाश में आया भविष्य भार्गव अब नहीं रहा : हरियाणा के सोनीपत के रहने वाले भार्गव परिवार का एकलौता बेटा भविष्य भार्गव लखनऊ आकर थ्री डी एनीमेशन में भविष्य की राह तलाश रहा था। लेकिन ऊपर वाले को और कुछ मंजूर था। मौके पर पहुंचे भार्गव परिवार के रिश्तेदार ने बताया कि फोन पर बोला कि पापा आग लग गई है और बायोमैट्रिक दरवाजा नहीं खुल रहा है। हमें बचा लिजिए। बाराबंकी फतेहपुर के रहने वाले हाजी इमरान का इकलौता बेटा शाहजान (22 वर्ष) गुडंबा में रहकर एनीमेशन का कोर्स कर रहा था। बेटे के रहने के लिए पिता फैजुल्लागंज में मकान बनवा रहे थे। हादसे की सूचना पर पीड़ित पिता बेसुध होकर गिर गए। परिवारीजनों और रिश्तेदारों ने उन्हें संभाला।

मृतकों की सूची : अब्दुल रहमान, अम्मार, अनामिका, आदित्य श्रीवास्तव, जैनिल, ज्योति, नीलेश, सागर, संगम, शहजान, सौमील्या, सुखमणि, अनुक्षा, भविष्य और सूरज।

घायलों की सूची : जयंत, लवप्रीत, आसिफ, भुवन श्रीवास्तव, पंकज, शैलेंद्र, अभिषेक, पंकज, गौरव।

आग से झुलसी पालतू बिल्ली।

पापा बचा लो...बायोमीट्रिक गेट लॉक है

'पापा, यहां आग लग गई है... मुझे बचा लो...' फोन पर कांपती आवाज में सुखमनी (24) बस इतना ही कह पाया और एक झटके में एक हंसता-खेलता परिवार तबाह हो गया। आलमबाग में रहने वाले सरकारी कर्मचारी प्रभुजीत सिंह का बेटा सुखमनी पिछले चार साल से इसी संस्थान में कार्यरत था। बिलखते पिता ने बताया कि दोपहर करीब ढाई बजे सुखमनी का फोन आया था। चीख सुनकर हाथ-पांव कांप गए। दफ्तर से बदहवास हालत में घटनास्थल की तरफ भागा, लेकिन जब तक पहुंचता, सब कुछ जलकर राख हो चुका था। पोस्टमार्टम हाउस का मंजर रूह कंपा देने वाला था, जहां परिजन, रिश्तेदार और दोस्त अपनों से हुई आखिरी बातचीत को याद कर फफक पड़ते। हर आख नम थी और चेहरे पर इकलौते बेटों को खोने का कभी न खत्म होने वाला गम साफ झलक रहा था।

शीशा तोड़कर निकला पंकज, पाइप के सहारे बचाई जान

लखनऊ। आग की लपटें, दम घोटता धुआं और चारों तरफ चीखें... इस भयावह मंजर के बीच फंसे थे उत्तराखंड के पंकज। मौत को इतने करीब से देखने के बाद पंकज गहरे सदमे में हैं। उनकी आंखें और कांपते होंठ उस खौफ की गवाही दे रहे हैं। पंकज ने कांपती आवाज में बताया कि पल भर में चारों तरफ सिर्फ काला धुआं था। सांसें उखड़ रही थीं और लोग जान बचाने के लिए बदहवास भाग रहे थे। जब बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं सूझा, तो उन्होंने हिम्मत कर खिड़की का शीशा तोड़ा। कांच के टुकड़ों के बीच रेलिंग के सहारे आगे बढ़कर, एक पाइप को पकड़कर वे नीचे उतरे। जान तो बच गई, लेकिन रूह पर कभी न मिटने वाला जख्म लग गया। पंकज का कहना है कि हादसे के करीब एक घंटे बाद तक न फायर ब्रिगेड आई और न एंबुलेंस। तब तक कई मासूम जिंदगियां अंदर ही खामोश हो चुकी थीं। लोगों की चीखें कानों में गूंज रही हैं, मैं चाहकर भी किसी को बचा नहीं सका।

इकलौते बेटे की मौत पर बेसुध हुए पिता

लखनऊ। लखनऊ के जानकीपुरम में रहने वाले केशव दत्त आर्डेली में तैनात हैं और उनकी पोस्टिंग जम्मू में है। उनका बेटा इंस्टीट्यूट में कोर्स कर रहा था। रिश्तेदार ने बताया कि सोमवार को वह मां से जल्दी आने की बात कह कर निकला था। बेटे की मौत की सूचना पाकर पिता बेसुधहो गए। वे जम्मू से लौट आए।

प्रथम तल से नीचे कूदा छात्र, सरिया धंसने से घायल

लखनऊ, वरिष्ठ संवाददाता। अलीगंज स्थित एनीमेशन सेंटर में लगी आग ने कई युवाओं की जिंदगी को झकझोर दिया। आग से बचने के लिए प्रथम तल से छलांग लगाने वाले 26 वर्षीय जयंत गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। कूदने के दौरान गेट पर लगी सरिया उनकी कमर में धंस गई, जिससे वह जख्मी हो गए।

आनन-फानन जयंत को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर लाया गया। जहां डॉक्टरों की टीम उनके इलाज में जुटी है। जयंत ऐशबाग स्थित एलडीए कॉलोनी के रहने वाले हैं। उनके पिता प्रदीप कुमार ने बताया कि बेटा एनीमेशन का कोर्स कर रहा था। उन्होंने कहा कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि करियर बनाने का सपना लेकर जिस सेंटर में बेटा जा रहा है, वहां उसकी जान खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने बताया कि ईश्वर की कृपा से बेटा सुरक्षित है। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर पूरी मेहनत से इलाज कर रहे हैं।

वहीं, दिल्ली निवासी लवप्रीत भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई हैं। वह सॉफ्टवेयर डेवलपर हैं। आग से बचने की कोशिश में उनके शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। घटना ने सुरक्षा इंतजामों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विलाप

देर रात राजनाथ ने जायजा लिया

लखनऊ: रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने अपने सभी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम तत्काल स्थगित कर रात्रि 9.35 बजे एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से रात 10.08 बजे घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों की जानकारी ली। बोले, इसमें जिस किसी की जिम्मेदारी बनती है, तय कर सख्त सजा दिलाई जाएगी।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग
23, एलनगंज, प्रयागराज-211002

पत्रांक: सि० सेवा आयोग / 998 / अभियान /2026-27 दिनांक : 22/06/2026

प्रेस विज्ञप्ति

आयोग द्वारा उ०प्र० शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 दिनांक 02 व 03 जुलाई 2026 को प्रस्तावित के-टी पालियों में पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:00 बजे तक तथा अपराह्न 02:30 बजे से 05:00 बजे तक एवं 04 जुलाई 2026 को प्रथम पाली में पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:00 बजे तक 60 जनपदों के कुल 955 परीक्षा केन्द्रों में कराये जायेंगे।

तद्नुक्रम में प्रसारण विज्ञापन के अन्तर्गत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि परीक्षा जनपद की अंतिम सूचना सम्बन्धी विवरण आयोग की वेबसाइट **https://upessc.up.gov.in** पर दिनांक 22 जून 2026 से जारी कर दिया गया है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के होमपेज पर उपलब्ध लिंक पर जाकर चालित प्रविष्टियां अंकित करते हुए परीक्षा जनपद की अंतिम सूचना देख सकते हैं।

सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि यह परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नहीं है। प्रवेश पत्र उक्त वेबसाइट के माध्यम से दिनांक 30 जून 2026 से डाउनलोड किया जा सकता है। **अभ्यर्थियों को वैध प्रवेश पत्र के बिना परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी।**

उपसचिव

बैंक ऑफ इण्डिया
Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालय: "स्टार हाउस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010, फोन: 0522-2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 9 (1) के तहत

यह ई-नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों का प्रतिभूतिकरण एवम पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति के बिक्री के माध्यम से आय जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्जदार) और जमानतकर्ता (कर्जदार) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने बंधक अचल सम्पत्तियों जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को 'जैसा है', 'जहां है', 'जो है, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर बिक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि दिनांक 08.07.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 09.07.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार/जमानतकर्ता का नाम एवं पता/बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्जा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य/ अग्रिम धनराशि (₹)
शाखा: आस्ति वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित कुमार यादव, मो0: 9415389015			
1.	**1. मेसर्स आदर्श इंडस्ट्रीज,प्रोप्राईटरशिप फर्म, प्रोप. श्री अमित गुप्ता पुत्र स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता के माध्यम से,** पंजीकृत कार्यालय- 118 बी/2, जयंतिपुर, इलाहाबाद-212202 **2. श्री अमित गुप्ता पुत्र स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता,** निवासी 218 सी/1, जयंतिपुर, सुलेम सराय, इलाहाबाद-211011 **3. श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता,** निवासी 218 सी/1, जयंतिपुर, सुलेम सराय, इलाहाबाद-211011 **मांग सूचना की तिथि: 04.07.2017,** **बकाया धनराशि: ₹ 69,26,064.82 +ब्याज एवं अन्य खर्चे**	**1)** सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित मकान संख्या 180/1/1जेड, बिघले का पुरवा, आराजी संख्या 360 के भाग पर निर्मित, मौजा गयासुद्दीनपुर, सदर, इलाहाबाद, **स्वामिनी श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता, क्षेत्रफल 342.00 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व:** गोपाल जी की भूमि एवं रास्ता, **पश्चिम:** अमृत लाल भाईलाल की भूमि, **उत्तर:** अजोरिया आदि का प्लॉट, जो कि आराजी संख्या 360 का भाग है, तत्पश्चात गोपाल एवं अन्य का खेत, **दक्षिण:** विक्रेता की आराजी भूमि का आंशिक भाग, तत्पश्चात लालजी फूलन का मकान **2)** सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित मकान संख्या 180/1/1जेड, बिघले का पुरवा, आराजी संख्या 360 के भाग पर निर्मित, मौजा गयासुद्दीनपुर, सदर, इलाहाबाद, **स्वामिनी श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता, क्षेत्रफल 228.48 वर्ग मीटर, चौहद्दी:-पूर्व:** 10 फीट रास्ता, तत्पश्चात गोपाल की भूमि, **पश्चिम:** अमृत लाल भाईलाल की भूमि, **उत्तर:** क्रेता का प्लॉट, **दक्षिण:** बदायूं लाल एवं फूलन का मकान (कब्जा-सांकेतिक)	₹ 38,50,000/- ₹ 3,85,000/-

नियम एवं शर्तें: बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर दिए गए लिंक को देखें **i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com** अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित एजीएम/मुख्य प्रबंधक / शाखा प्रबंधक को ऊपर दी गई शाखाओं व उनके फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट-न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000/- उपर होगी।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांक: 20.06.2026 स्थान: लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया

'दोषी किसी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे'

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ अग्निकांड की सूचना मिलने पर अपना अलीगढ़ दौरा बीच में ही रद्द कर दिया। उन्हें लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ही इस हादसे की जानकारी मिली, इसके तत्काल बाद मुख्यमंत्री राजधानी लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि वे मौके पर पहुंचें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह हादसे की तह तक जाएंगे और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सोमवार को मुख्यमंत्री अलीगढ़ में थे। वहां आयोजित कार्यक्रम में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने जनसमूह से कहा कि मेरी इच्छा थी कि यहीं रहूं लेकिन अभी-अभी जानकारी मिली है कि लखनऊ में एक दुर्घटना हुई है और कुछ बच्चे अग्निकांड की चपेट में आए हैं। इसमें कुछ बच्चों की दुखद मौत हो गई है। प्रशासन राहत कार्यों में लगा है। मुझे भी इस दुखद घटना के कारण तत्काल लखनऊ जाना पड़ रहा है। घायलों के उचित इलाज के भी निर्देश दिए।

अलीगढ़ से सोमवार को सीधे लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना स्थल का जायजा लिया और बाद में अस्पताल में घायलों से भी मिले। ● हिन्दुस्तान

एसआईटी का गठन, चार निलंबित

लखनऊ, विसं। लखनऊ में हुए अग्निकांड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाया है। सीएम के निर्देश पर अग्निकांड की जांच दो सदस्यीय विशेष जांच दल करेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है।

जिस इमारत में आग लगी उसके मालिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। उधर एलडीए ने भवन पर ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा कर दिया। नोटिस में भवन स्वामियों को 15 दिन के भीतर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है। जांच में सामने आया है कि आवासीय नक्शे पर निर्मित इस भवन का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था।

एसआईटी में अमृत अभिजात, अपर मुख्य सचिव, पर्यटन, धर्मार्थ और संस्कृति विभाग और दूसरे सदस्य हैं प्रवीण कुमार अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन होंगे। विशेष जांच दल को सात दिन में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। गिरफ्तार लोगों में भवन मालिक वीरेंद्र शुक्ला, एनिमेशन एकेडमी का मालिक तुशांक जायसवाल, पेट क्लीनिक/शॉप का मालिक रामकृष्ण उपाध्याय और सुरेश कुमार साहू शामिल हैं।

संवेदनाएं

लखनऊ में आग लगने के हादसे में कई छात्रों की मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। सभी शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा

भीषण अग्निकांड में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की हुई मौत पर गहरी संवेदनाएं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना। इन्हें बेहतरा इलाज की सुविधा मिले।
-अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष

कई लोगों की मौत और कई के घायल होने की घटना अति-दुखद है। ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिये सबको मिलकर काम करने की ज़रूरत है।
-मायावती, अध्यक्ष, बसपा

अग्नि दुर्घटना में कई लोगों की मौत अत्यंत दुःखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।
-पंकज चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा